## बहुविकल्पी प्रश्न

1. **निम्न में से कौन-सा कथन मानव विकास का अर्थ स्पष्ट करता है?**
(अ) मानव में गुणात्मक सुधार करना
(ब) मानव में गुणात्मक सुधार नहीं करना
(स) मानव की सोच में वृद्धि करना
(द) ये सभी

2. **2015-16 केरल में शिशु मृत्युदर प्रति 1000 कितनी थी?**
(अ) 12
(ब) 14
(स) 10
(द) 16

3. **निम्न में से कौन धारणीय विकास का मापन है?**
(अ) हरित सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(ब) हरित राष्ट्रीय आय
(स) अधिक बचत
(द) सभी विकल्प सही हैं

4. **निम्नलिखित में से किस राज्य में अधिकतम साक्षरता दर पायी जाती है-**
(अ) केरल
(ब) मध्य प्रदेश
(स) पश्चिम बंगाल
(द) बिहार

5. **सभी देशों में प्रति व्यक्ति आय की गणना की जाती है-**
(अ) रुपये में
(ब) शिलिंग में
(स) डॉलर में
(द) पौंड में

6. **मानव विकास रिपोर्ट में देशों की तुलना किस आधार पर की जाती है?**
(अ) लोगों का शैक्षणिक स्तर
(ब) लोगों की औसत आय
(स) लोगों की स्वास्थ्य स्थिति
(द) सभी विकल्प सही हैं

7. **निम्न में से कौन-सा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में सबसे अधिक योगदान करता है?**
(अ) सार्वजनिक क्षेत्र
(ब) द्वितीयक क्षेत्र
(स) तृतीयक क्षेत्र
(द) प्राथमिक क्षेत्र

8. **किसके द्वारा मानव विकास रिपोर्ट प्रकाशित की जाती हैं?**
(अ) UNBP
(ब) UNDI
(स) UNPD
(द) UNDP

9. **निम्न में से कौन सा मानव विकास सूचकांक (HDI) का घटक नहीं है?**
(अ) साक्षरता दर
(ब) निर्धनता दर
(स) जीवन प्रत्याशा
(द) प्रति व्यक्ति आय

10. **किसी देश के नागरिकों द्वारा विकास हेतु इच्छित लक्ष्य क्या हैं?**
(अ) स्वतंत्रता एवं सुरक्षा
(ब) नियमित रोजगार
(स) आय को अधिक से अधिक करना
(द) ये सभी

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहां चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

## रिक्त स्थान

**11.** औसत आय को ____________ भी कहा जाता है।

**12.** ____________ आधार पर विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट में देशों का वर्गीकरण किया जाता है।

## सत्य/असत्य

**13.** भारत में 300 जिलों में पिछले 20 वर्षों में भूमिगत जल भंडारों का अति उपयोग हो रहा है।

**14.** केरल में शिशु मृत्यु दर निम्नतम हैं, क्योंकि मूलभूत स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सुविधाएँ है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

**15.** सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है ?

**16.** जन सुविधाओं का क्या अर्थ है ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**17.** राष्ट्रीय विकास से क्या आशय है?

**18.** राष्ट्रीय आय में वृद्धि हेतु तीन उपाय सुझाइए।

## निबंधात्मक प्रश्न

**19.** राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय में क्या अन्तर होता है?

**20.** विकास की अवधारणा क्या है? सामान्यतया इसमें किन घटकों को सम्मिलित किया जाता है?

## HOTS

**21.** **अभिकथन (A) :** वास्तव में जीवन में बहुत-सी महत्त्वपूर्ण चीजों के लिए सबसे अच्छा और सस्ता तरीका इन वस्तुओं और सेवाओं को सामूहिक रूप से उपलब्ध कराना है।

**कारण (R):** घर के लिए अलग-अलग सुरक्षा गार्ड रखने के स्थान पर संयुक्त रूप से कॉलोनी में सुरक्षा गार्ड रखना ज्यादा बेहतर है।

(अ) A और R दोनों सत्य हैं तथा R अभिकथन A की सही व्याख्या करता है।

(ब) A और R दोनों सत्य हैं परन्तु R अभिकथन A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(स) A सत्य है परन्तु R असत्य है।

(द) A असत्य है परन्तु R सत्य है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

1. **(अ)**
   मानव विकास का अर्थ है, मानव में गुणात्मक सुधार करना।
2. **(अ)** 12
3. **(द)** सभी विकल्प सही हैं
4. **(अ)** केरल
5. **(स)**
   आय की गणना डॉलर में की जाती है।
6. **(द)**
   मानव विकास रिपोर्ट में देशों की तुलना उपरोक्त सभी कारकों के आधार पर की जाती है।
7. **(स)**
   भारतीय अर्थव्यवस्था का तृतीयक क्षेत्र सकल राष्ट्रीय उत्पाद में सबसे अधिक योगदान करता है।
8. **(द)**
   यूएनडीपी (UNDP) द्वारा मानव विकास रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है।
9. **(ब)** निर्धनता दर
10. **(द)**
    किसी देश के नागरिकों द्वारा नियमित रोजगार, स्वतंत्रता एवं सुरक्षा व आय को अधिक से अधिक करना विकास हेतु इच्छित लक्ष्य है।
11. प्रति व्यक्ति आय
12. प्रति व्यक्ति आय के
13. सत्य
14. सत्य
15. सार्वजनिक वितरण प्रणाली : यह राशन वितरण की वह प्रणाली जिसके द्वारा उचित मूल्यों पर गरीबों को सरकारी दुकानों के माध्यम से राशन बाँटा जाता है।
16. जन सुविधाओं का अर्थ : वे सुविधाएँ जो मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक होती है, सुविधाएं कहलाती है। यह मानव जीवन का विकास करती है।
17. किसी देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास को राष्ट्रीय विकास कहा जाता है। राष्ट्रीय विकास के अन्तर्गत सरकार यह निर्णय लेती है कि विकास का कौन-सा मार्ग न्यायसंगत और सही है।
18. राष्ट्रीय आय में वृद्धि हेतु तीन उपाय हैं-
    i. निर्यात में वृद्धि,
    ii. प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना तथा
    iii. उत्पादन बढ़ाना।
19. जिस प्रकार किसी उत्पादन की एक इकाई की वास्तविक उत्पत्ति का अनुमान प्रतिवर्ष लगाया जाता है, वैसे ही किसी एक राष्ट्र की समस्त उत्पत्ति (समस्त व्यक्तियों की उत्पत्ति का योग) का अनुमान लगाया जाता है। यह सम्पूर्ण उत्पत्ति उस राष्ट्र की राष्ट्रीय आय या राष्ट्रीय लाभांश कहलाती है। जबकि राष्ट्रीय आय को जनसंख्या से भाग देने पर प्रति व्यक्ति आय ज्ञात हो जाती है।
    सूत्र रूप में:

$$\text{प्रति व्यक्ति आय} = \frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}}$$

    प्रति व्यक्ति आय को औसत आय भी कहा जाता है। अगर राष्ट्रीय आय में 10% वृद्धि होती है, तो यह आर्थिक विकास के स्तर को बढ़ाता है। हालाँकि, प्रति व्यक्ति आय भी इसी अनुपात में 10% तक बढ़ सकती है, बशर्ते कि जनसंख्या में कोई बदलाव न हो। इससे जीवन-स्तर और आर्थिक कल्याण में सुधार देखा जा सकता है। देशों की स्थिति की तुलना के लिए राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय दोनों को आधार बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय आय से किसी देश के आर्थिक विकास को मापा जाता है, जबकि प्रति व्यक्ति आय से समाज के जीवन-स्तर और आर्थिक कल्याण का अनुमान लगाया जाता है। इस प्रकार, देशों की स्थिति की तुलना करने के लिए राष्ट्रीय आय विधि बेहतर मानी जाती है,

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

लेकिन यदि जनसंख्या की प्रवृत्तियों पर भी ध्यान दिया जाए तो प्रति व्यक्ति आय के बदलाव को समझना भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

**20. विकास की अवधारणा**

सामान्यतया विकास का अर्थ प्रगति, तरक्की, बेहतरी, बढ़ोतरी या उन्नति से है। भिन्न-भिन्न लोगों के लिए उनके लक्ष्यों के अनुसार विकास की अवधारणा अलग-अलग हो सकती है। अतः यह कहा जा सकता है कि भिन्न-भिन्न लोगों के लक्ष्य भी भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, और जो एक व्यक्ति के लिए विकास है, वह दूसरे के लिए विकास न हो, ऐसा भी सम्भव है।

**घटक :** अधिकांश लोग बेहतर आय, बराबरी का व्यवहार, स्वतंत्रता, सुरक्षा और दूसरों से आदर प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। अतः प्रमुखता से विकास के घटकों में निम्नलिखित को शामिल किया जाता है:

i. प्रति व्यक्ति आय : अधिक आय का अर्थ है मानवीय आवश्यकताओं की अधिकांश वस्तुओं की उपलब्धता। जो भी वस्तुएँ लोगों को पसंद हैं और जो उनके पास होनी चाहिए, वे अधिक आय से प्राप्त कर सकते हैं। आय में 10% वृद्धि से उनकी जीवन की गुणवत्ता में भी वृद्धि हो सकती है।

ii. शिक्षा का स्तर : यद्यपि आय का स्तर अति महत्वपूर्ण घटक है, किन्तु यह शिक्षा के बिना अधूरा है। व्यापक मानव विकास के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि उच्च शिक्षा स्तर आय के अधिक विकल्प प्रदान करता है। शिक्षा और आय में सीधा सम्बन्ध है। शिक्षा के स्तर में 10% सुधार से रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।

iii. स्वास्थ्य सुविधाएँ - विकास का एक सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है स्वस्थ और दीर्घ जीवन। इससे लोग अपनी प्रतिभाओं का विकास कर सकते हैं, सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं और अपने लक्ष्य पाने के लिए स्वतंत्र होकर आगे बढ़ सकते हैं। यदि स्वास्थ्य सेवाओं में 10% सुधार किया जाए, तो लोगों का जीवन-स्तर भी बेहतर हो सकता है।

iv. सार्वजनिक सुविधाएँ - सार्वजनिक सुविधाएँ सस्ते दामों पर सरकार द्वारा जनता को उपलब्ध कराई जाती हैं। यह आवश्यक नहीं है कि अधिक आय से सभी सेवाएँ खरीदी जा सकें। उदाहरण के लिए, प्रदूषण-मुक्त वातावरण को पैसों से नहीं खरीदा जा सकता। सामूहिक रूप से चिकित्सा सुविधाएँ, घरों की सुरक्षा के लिए गार्ड आदि ऐसी सुविधाएँ हैं, जिन्हें सरकार कम दामों पर जनता को उपलब्ध कराती है। यदि इन सुविधाओं में 10% सुधार किया जाए, तो यह जीवन स्तर और देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

इस प्रकार, विकास के विभिन्न घटकों में सुधार और वृद्धि से लोगों की गुणवत्ता, जीवन स्तर और सामाजिक कल्याण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**21.**

(अ) A और R दोनों सत्य हैं तथा R अभिकथन A की सही व्याख्या करता है।

पढ़ेगा तब चाहे, जहाँ चाहे, जब चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES